Regarding running of a Vande Bharat Express Train connecting Kanpur, Lucknow, Sitapur and Shahjahanpur

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर)**:** सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का समय दिया।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की रेलवे से संबंधित एक समस्या उठाना चाहता हूं। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि कोरोना काल के दौरान और उसके पहले हमारे यहां सीतापुर से लखनऊ तक डेली पैसेंजर ट्रेन चलती थी और अप-डाउन करती थी। कोरोना काल के बाद वह ट्रेन बंद हो गयी है। इस संबंध में मैंने रेल मंत्री जी से पैसेंजर ट्रेन चलाने के लिए कई बार अनुरोध किया और पत्र भी दिया। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि हम जल्दी ही सीतापुर तक वंदे भारत ट्रेन ले जाएंगे। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि आपके दिए गए आश्वासन के बाद भी अभी तक मेरी मांग की पूर्ति नहीं हो पायी है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि कानपुर से लखनऊ होते हुए, हमारी कई वंदे भारत ट्रेन्स चलती हैं। एक वंदे भारत ट्रेन कानपुर से लखनऊ, लखनऊ से सीतापुर और सीतापुर से शाहजहांपुर तक जाए और प्रतिदिन वह वापसी करे, ऐसी मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं। धन्यवाद।